महिला पी. जी. महाविद्यालय बायोटेक्नोलॉजी विभाग की छात्राओं का इंटर्नशिप के लिए चयन

महिला पी.जी. महाविद्यालय की एमएससी बायोटेक्नोलॉजी प्रीवियस की छात्रा सुश्री भाग्यश्री भंडारी का चयन सी. एस. आई-आर हिमालय जैवसंपदा प्रौद्योगिकी संस्थान, पालमपुर में, तथा एमएससी बायोटेक्नोलॉजी फाइनल की छात्रा सुश्री मनाल गजधर का चयन पर्यावरण, वन और जलवायु परिर्वतन मंत्रालय के अंतर्गत आफरी जोधपुर में इंटर्नशिप के हेतु चयन हुआ है। दानों छात्राएँ महाविद्यालय के बायोटेक्नोलॉजी विभाग में अध्यनरत है। इस अवसर पर महाविद्यालय के चेयरमैनन प्रो. एस.पी. व्यास एवं प्राचार्य डॉ. मनोरमा उपाध्याय ने छात्राओं को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। विभागाध्यक्ष डॉ. निशि माथुर ने बताया की बायोटेक्नोलॉजी की छात्राएँ प्रति वर्ष विभिन्न प्रकार की इंटर्नशिप कार्यक्रमों में सम्मिलित हो कर बायोटेक्नोलॉजी के अलग अलग क्षेत्रों में प्रशिक्षित हो और अनुसंधान संगठनों में सफलतापूर्वक चयनित होती है। महिला पी.जी महाविद्यालय में ही बी.एस.सी. बायोटेकनोलॉजी का कोर्स संचालित होता है तथा विभाग के प्राध्यापकों एवं छात्राओं के परिश्रम से यह कोर्स लगातार उन्नति को प्राप्त कर रहा है।